दुर्घटना | हादसे में एक गंभीर घायल, कार चालक फरार, ग्रामीणों ने किया चकाजाम

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, 1 की मौत

**अनूपपुर नवभारत 13 फरवरी।** जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार की रात सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पोड़ी गांव के छुहिया तालाब के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी।

मृतक ग्राम खांडा निवासी 46 वर्षीय प्रीतम दास उर्फ राजू एवं हर्री निवासी रमेश राठौर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस 108 को सूचना दी। घायलों को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रीतम दास को मृत घोषित कर दिया। रमेश राठौर की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद बिलासपुर, छत्तीसगढ़ रेफर कर दिया गया।



### सड़क में हो गए हैं बड़े-बड़े गड्ढे

अक्रोशित ग्रमीणों ने इस दुर्घटना का जिम्मेदार कोल प्रबंधन (एसीईसीएल) को ठहराते हुए शुक्रवार की सुबह कांग्रेस पूर्व के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में एसईसीएल बटुरा सोहागपुर क्षेत्र प्रबंधन के खिलाफ चकाजाम कर दिया। जिसमे बताया कि 3 वर्ष से अधिक समय से ओपन कास्ट (खुली खदान) संचालित है, जिसमें खदान से लेकर सांधा तिराहा, राष्ट्रीय राजमार्ग 43 तक की सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं।

### एसईएल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग

इस संबंध में कोल प्रबंधन को बार-बार सूचना देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मांग की गई है कि इस दुर्घटना की जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। साथी दुर्घटना में मृतक के परिवारजनों को उचित मुआवजा एवं नौकरी दी जाए। वहीं एसईसीएल प्रबंधन ने सड़क मरम्मत का आश्वासन देते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया है।

### मृतक शादी का निमंत्रण देकर घर लौट रहा था

थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि मृतक प्रीतम दास अपने बेटे की शादी का निमंत्रण देकर घर लौट रहे थे। बेटे की शादी 24 फरवरी को होनी थी और 20 जनवरी को तिलक का कार्यक्रम संपन्न हुआ था। निमंत्रण देकर वापसी के दौरान सांधा तिराहा के आगे पोड़ी गांव के छुहिया तालाब के पास सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और मालिक की तलाश कर रही है।

### कार की टक्कर से घायल युवक की मौत



अनूपपुर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक राहुल कुमार चंद्रा की मौत हो गई। युवक को बरतराई गांव में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सालय लाया गया जहां से रेफर किया गया, लेकिन बिलासपुर ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। शुक्रवार को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप कर पुलिस कार्यवाही प्रारंभ कर दी हैं। मृतक के पिता शिव प्रसाद चंद्रा ने बताया कि गुरूवार को राहुल कुमार बाइक से किसी काम से घर से निकला था।

# ब्लैकमेलिंग से परेशान नाबालिग ने किया जहर का सेवन, मौत

**वीडियो-फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा था पूर्व दोस्त**

**अनूपपुर नवभारत 13 फरवरी।** जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को 16 वर्षीय किशोरी की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पूर्व दोस्त की लगातार ब्लैकमेलिंग से परेशान युवती ने चूहामार दवा खा ली थी। गुरुवार रात उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार सुबह 10 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जिला चिकित्सालय की सूचना पर पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज किए हैं। किशोरी ने बताया कि वह कक्षा 9 में पढ़ती थी। करीब छह महीने पहले उसकी दोस्ती देवरी निवासी कोशिर से हुई थी।

किशोरी के अनुसार, उसने अब कोशिर से संबंध तोड़ लिए थे, लेकिन वह लगातार उसके वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था। साथ ही, फोन पर बार-बार मैसेज कर बात करने का दबाव बना रहा था, जिससे वह परेशान थी। इसी के चलते किशोरी ने शहडोल स्थित घर में रखी चूहामार दवा खा ली थी।

### मामले में एक 17 वर्षीय किशोर भी शामिल

मामले में एक 17 वर्षीय किशोर भी शामिल है। उसने बताया कि उसकी मृतका से इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती हुई थी। वह कक्षा 12 का छात्र है। 12 फरवरी को वह अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर था, तभी किशोरी का फोन आया। किशोरी ने उसे स्टेशन के अंदर पानी लेकर आने को कहा। किशोर के स्टेशन पहुंचने पर किशोरी ने पानी पिया और फिर बताया कि उसने जहर खा लिया है। इसके बाद किशोर उसे तुरंत जिला चिकित्सालय ले गया। पुलिस ने किशोरी के माता-पिता के पहुंचने पर शव का पोस्टरमार्टम होने के बाद सौंप कर मामले की जांच शुरू कर दी हैं।

# आयुष्मान कार्ड योजना गरीबों के लिए वरदान

**राज्यमंत्री जायसवाल कोतमा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में हुए शामिल**



**कोतमा नवभारत 13 फरवरी।** राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर एवं संवेदनशील है। विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नागरिकों का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड योजना लागू की गई है, जो गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में उपलब्ध कराया जाता है। शुक्रवार को अनूपपुर जिले के कोतमा में निजी स्वास्थ्य संस्थान द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहीं। उन्होंने कहा कि यह मानवता की सच्ची सेवा है। राज्य सरकार द्वारा गंभीर मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एयर एम्बुलेंस योजना संचालित की जा रही है।

### शिविर का 518 मरीजों ने उठाया लाभ

राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने स्वास्थ्य शिविर के दौरान दंत चिकित्सा, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र परीक्षण एवं जनरल चेकअप सहित विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। प्रभारी मंत्री ने स्वयं भी बीपी एवं शुगर की जांच कराई। शिविर में लगभग 518 लोगों ने पंजीयन कराकर नि:शुल्क परीक्षण एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया।

## विकास योजनाओं के कार्यो मे तेजी लाएं

**अनूपपुर नवभारत 13 फरवरी।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित ग्रामीण विकास से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के.के. सोनी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री अमर साय राम,सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के योजना प्रभारी, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

# झाड़ फूंक के बहाने लाखों की ठगी, 3 गिरफ्तार

**नकद और जेवरात सहित 12 लाख का सामान जब्त**



**अनूपपुर नवभारत 13 फरवरी।** जिले में आदिवासी परिवारों को बीमारी ठीक करने और घर से गड़ा धन निकालने के नाम पर ग्रामीणों को ठगने वाले एक शातिर गिरोह का रामनगर पुलिस ने शुक्रवार को भंडाफोड़ करते हुए झाड़-फूंक के बहाने लोगों से ठगी कर करीब 7.5 लाख के जेवरात और 3.61 लाख की नकदी लूटने वाले पति-पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तंत्र-मंत्र की किताबें और एक मृत जानवर की खोपड़ी भी मिली है। थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने खुलासा करते हुए बताया कि मामला ग्राम बरतराई का है। फरियादी लक्ष्मण सिंह पोरते के पिता को लकवा मार गया था। इसका फायदा उठाते हुए आरोपी सत्या नाई ने उनका परिचय तांत्रिक विश्वनाथ गिरी से कराया। तांत्रिक और उसकी पत्नी लीला गिरी ने घर में टोना-टोटका होने का डर दिखाया। 25 दिसंबर को तंत्र-मंत्र का नाटक कर आरोपियों ने उपचार के नाम पर 1.51 लाख रुपए ऐंठ लिए।

### तांत्रिक क्रिया से जान से मारने की दी धमकी

आरोपियों का लालच यहीं खत्म नहीं हुआ। 8 जनवरी को वह दोबारा लक्ष्मण के घर पहुंचे और परिवार को डराया कि यदि उन्होंने सारा सोना-चांदी और नकद उनके हवाले नहीं किया, तो तांत्रिक क्रिया से सबको जान से मार देंगे और दोबारा लकवा मार जाएगा। मौत के डर से महिलाओं ने अपने मंगलसूत्र, पायल, करधन और चाबी छल्ला सहित 2.50 लाख नगद आरोपियों को सौंप दिए। हड़बड़ी में गहनों की गठरी के साथ बैंक पासबुक और आधार कार्ड भी चले गए।



### वारदात में इस्तेमाल बाइक भी जब्त की

इसके बाद परिजनों की शिकायत पर विशेष टीम ने दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से 15 सोने के लॉकेट (कीमत 5 लाख), 1 किलो चांदी (कीमत 2.50 लाख), 3.61 लाख नगद और वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त की है। जिसकी कुल कीमत 12 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने सत्या नाई (भालूमाड़ा), सुखनाथ उर्फ विश्वनाथ गिरी और उसकी पत्नी लीला गिरी (सरगुजा, छग) को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, जहां से जेल भेज दिया है।

## एक नजर में



### राज्यमंत्री ने ग्राम बैहाटोला में मंगल भवन का किया भूमिपूजन

**अनूपपुर नवभारत।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत बैहाटोला में 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मंगल भवन का भूमिपूजन किया। इस दौरान संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक, वैवाहिक तथा सामुदायिक आयोजनों के लिए एक सुलभ, सुव्यवस्थित एवं सर्वसुविधायुक्त स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस भवन का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहा कि यह मंगल भवन विशेष रूप से कम आय वर्ग के नागरिकों को कम खर्च में आयोजन की सुविधा प्रदान करेगा। इससे सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सहायता मिलेगी।



### जिपं सीईओ ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**अनूपपुर नवभारत।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर विभिन्न स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलका तिवारी, सिविल सर्जन डॉ एस आर परस्ते सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। जिला पंचायत सीईओ ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर के ओपीडी, जन औषधि केंद्र, भर्ती रोगी कक्ष,प्रसव कक्ष,आपातकालीन उपचार,भंडार कक्ष, प्रसव पूर्व जांच कक्ष, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर,सर्जरी ऑर्थोपेडिक ओटी कक्ष,डॉक्टर ड्यूटी रूम,एनसीडी एवं वृद्धजन क्लिनिक, ब्लड रूम, रक्त जांच केंद्र,डायलिसिस सेंटर सहित अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने सुरक्षित प्रसव के लिए आवश्यक पैरामीटर, प्रोटोकॉल के अनुरूप व्यवस्था के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने मरीजो के बेहतर उपचार, देखभाल तथा सुविधाओं के संबंध में निर्देश दिए।



### जमुडी में मनाया गया राष्ट्रीय महिला दिवस

**अनूपपुर नवभारत।** राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अनूपपुर जिले में अलग अलग जगह मनाया गया। महिला दिवस कार्यक्रम में मुख अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत प्रीति रमेश सिंह जिला पंचायत अनूपपुर, अध्यक्षता सरपंच तुलसिया ने किया। उपस्थित महिलाएं जो चर्चा में ग्राम विकास जल जंगल जमीन के विषय में गांव के विभिन्न प्रकार के सड़क शिक्षा स्वास्थ्य पेयजल के विषय पर भी की गई और अलग-अलग विषयों में अलग-अलग महिलाओं ने अपनी बात कही जो हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। हीरावती, भानमती लक्ष्मी यादव, मीराबाई यादव, गीता सिंह, निशामुदिसा आदि महिलाओं ने आयोजन में सहयोग किया।

## दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण

**नवभारत, जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल कॉलेज, जबलपुर के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आयोजित अल्पावधि स्वरोजगारोन्मुखी 'आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण' का आज समापन हुआ। समापन अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई।

# स्वास्थ्य विभाग को भी मिलेगा किराए का आधा हिस्सा

**राज्यमंत्री जायसवाल ने पालिका बाजार का किया लोकार्पण**



**कोतमा नवभारत 13 फरवरी।** कोतमा नगर के विकास और स्थानीय रोजगार को नई दिशा देने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 3 में नवनिर्मित 'पालिका बाजार' का लोकार्पण शुक्रवार को प्रदेश के मंत्री दिलीप जायसवाल के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। 93 लाख की लागत से तैयार इस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में 18 दुकानों का निर्माण किया गया है, जिससे क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि पूरी विधानसभा में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा, 'पालिका बाजार का मुख्य उद्देश्य स्थानीय व्यापार को सशक्त बनाना और नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करना है।' इस परियोजना की एक विशेष बात यह है कि दुकानों से प्राप्त होने वाले कुल किराए का आधा हिस्सा स्वास्थ्य विभाग की रोगी कल्याण समिति को दिया जाएगा, जिससे गरीबों के इलाज में मदद मिलेगी।

### विकास कार्यों का सिलसिला जारी रहेगा : सराफ

नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ ने दुकानदारों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर में विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा और आने वाले दिनों में कई अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया जाएगा। वहीं, उपाध्यक्ष वैशाली ताम्रकार ने कहा कि इस कॉम्प्लेक्स से बाजार की रौनक बढ़ेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# 14 .89 लाख के अमृत सरोवर में घोटाला

**भौतिक सत्यापन में 2 लाख का ही काम मिला, सरपंच पर भ्रष्टाचार का आरोप**



**जमुना कोतमा नवभारत 13 फरवरी।** अनूपपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत छोहरी में मनरेगा के तहत स्वीकृत अमृत सरोवर निर्माण कार्य में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं।

कार्यस्थल पर लगे सूचना बोर्ड के अनुसार इस निर्माण के लिए 14.89 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसमें 6.14 लाख श्रम और 8.77 लाख सामग्री मद में व्यय दर्शाया गया है। कार्य प्रारंभ तिथि 23 मई 2022 अंकित है, जबकि पूर्णता तिथि स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं है। मामले में जब स्थल निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया तो मौके पर महज लगभग 2 लाख रुपए के आसपास ही कार्य होना पाया गया, जिससे शेष राशि के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### कार्य स्वीकृत मानकों के अनुसार नहीं किया गया

ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य न तो स्वीकृत मानकों के अनुसार हुआ और न ही राशि का पारदर्शी उपयोग किया गया। ग्रामीणों ने सरपंच और संबंधित जिम्मेदारों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत में अन्य निर्माण कार्यों में भी अनियमितताएं हुई हैं उन्होंने जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## राजनगर ओपन कास्ट में मिला युवक का शव

**अनूपपुर नवभारत 13 फरवरी।** जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजनगर ओपन कास्ट (ओसीएम) के उप क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के पास शुक्रवार को युवक का शव मिला। मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ निवासी 30 वर्षीय अरबाज के रूप में हुई है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एसईसीएल के सुरक्षाकर्मियों ने घटना की सूचना रामनगर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए बिजुरी स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शव लगभग तीन दिन पुराना है।

**बिजली के करंट से झुलसने के निशान**-थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि मृतक के हाथ और पांव पर बिजली के करंट से झुलसने के निशान मिले हैं। उसका शव एसईसीएल को बिजली आपूर्ति करने वाले 11 केवी उच्च क्षमता के बिजली के खंभे के पास पाया गया। पुलिस को आशंका है कि युवक चोरी की नीयत से बिजली के तार काटने के प्रयास में खंभे पर चढ़ा होगा, जिससे यह हादसा हुआ।

रिकॉर्ड | देश के सार्वजनिक क्षेत्र की तीसरी व स्टेट सेक्टर की प्रथम विद्युत यूनिट है, जिसने ये रिकॉर्ड बनाया

# ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नं. 5 ने बनाया उत्पादन का रिकॉर्ड

**अनूपपुर नवभारत 13 फरवरी।** जिले की अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने 500 दिन और सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 ने 100 दिन बिना रूके लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया।

जानकारी के अनुसार अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 देश के सार्वजनिक क्षेत्र की तीसरी व स्टेट सेक्टर की प्रथम विद्युत यूनिट है, जिसने लगातार 500 दिन विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया है। यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से सतत् विद्युत उत्पादन कर रही है। सार्वजनिक क्षेत्र में एनटीपीसी की दो यूनिट क्रमशः 644 व 559 दिन तक संचालित रही हैं।



### तकनीकी काबिलियत का उदाहरण है चचाई यूनिट : मंडलोई

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि यह गर्व की बात है पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास में किसी भी बिजली बनाने वाली यूनिट द्वारा हासिल किया गया लगातार चलने का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि बिना किसी बड़े आउटेज के इतने लंबे समय (500 दिन) तक बिना रुके विद्युत ऑपरेशन जारी रखना अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के पेशेवर रूख, प्रतिबद्धता व तकनीकी काबिलियत का उदाहरण है।

### यूनिट नंबर 5 ने हासिल किए उच्च मापदंड

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 ने 500 दिन बिना रूके शानदार प्रदर्शन में इंडेक्स प्लांट टीम द्वारा लगातार बनाई गई क्षमता, विश्वसनीयता और तकनीकी उत्कृष्टता के उच्च मापदंड स्पष्ट रूप से दिखते हैं। यूनिट नंबर 5 ने 98.64 फीसदी प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ), 95.30 फीसदी प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) व 9.28 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन हासिल किया है।

### सारनी की यूनिट नंबर 10 का भी शानदार प्रदर्शन

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की यूनिट नंबर 10 ने किया 100 दिन सतत् विद्युत उत्पादन मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 ने 100 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। यह यूनिट 5 नवम्बर 2025 से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। यूनिट ने इस दौरान 100.16 फीसदी प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ), 92.85 फीसदी प्लांट यूटिलाइजेशन फेक्टर (पीएलएफ) व 8.23 प्रतिशत ऑक्जलरी खपत को हासिल कर ऑपरेशनल विश्वसनीयता व दक्षता का प्रदर्शन किया।

## नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ तलब

**अनूपपुर नवभारत।** जिले के संविदाकार धर्मेंद्र चौबे की याचिका पर उच्च न्यायालय जबलपुर ने जिले की नगर पालिका पसान के अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को 9 मार्च को न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

उच्च न्यायालय जबलपुर ने संविदाकार धर्मेंद्र चौबे की याचिका पर सुनवाई करते हुएवर्ष 2009-10 में नगर पालिका पसान में निर्माण कार्यों के लिए संविदाकार धर्मेंद्र चौबे को भुगतान किया गया था, जिसमें टीडीएस की राशि लगभग चार लाख रुपए नगरपालिका द्वारा काट लिया गया था और विभाग में जमा नहीं किया गया था, इस संदर्भ में कई बार आवेदन दिए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने पर आवेदक ने उच्च न्यायालय जबलपुर में वर्ष 2023 में याचिका प्रस्तुत की थी।